rains on 10th June and from 27th July to 2nd August, 1982 is as under:

| Name of the district | Human lives lost | Cattle Heads lost | Cropped area affected (lakh acres) | No. of houses damaged partly or wholly |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| Dakshina Kannada | 20 | 95 | 0.27 | 3902 |
| Uttara Kannada | 13 | .. | 2.00 | 3679 |

Besides, damage to roads, community development works and minor irrigation had been caused by the heavy rains.

No other calamity has been reported by the State Government.

### दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा आबंटित फ्लैटों को हस्तांतरित करना/बेचना

*20. श्री हरीश रावत : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित फ्लैटों को हस्तांतरित करने/बेचने का कानूनी अधिकार मालिकों को देने का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो इन फ्लैटों के मालिकों को यह अधिकार कब तक मिलने की संभावना है ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैटों के खरीददारों को अधिसंरचना के मामले में शाश्वत मालिकाना हकूक तथा फ्लैटों की भूमि तथा उनके समीस्थ की भूमि के मामले में अन्य फ्लैट खरीददारों को संयुक्त लीजहोल्ड अधिकार दिया जाता है। सरकार द्वारा गठित एक सरकारी कार्यकारी दल ने दिल्ली के लिए कानून बनाने की सिफ़ारिश की है जिससे दिल्ली/नई दिल्ली में निर्मित बहुमंजिलो इमारतों में अपार्टमेंट में पैतृक तथा अन्तरणीय अधिकार दिया जा सके। इसमें अपार्टमेंट के खरीददारों को भूमि सहित आम क्षेत्रों में उनके हित का अविभाजित तथा अनुपातिक अंश शामिल है। कार्यकारी दल की सिफ़ारिशें प्रक्रियाधीन हैं।

(ख) इस अवस्था में प्रश्न ही नहीं उठता।

### दिल्ली के कुम्हारों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन

*21. श्री रामावतार शास्त्री : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के कुम्हारों ने मंत्रालय में राज्य मंत्री को एक ज्ञापन दिया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है ?